कार्यालय लीगल एण्ड डिफेंस कॉउसिंल सिस्टम (LADCS) हेतु ऑफिस असिस्टैंट, रिसेप्सनिस्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर तथा ऑफिस चपरासी की नियुक्ति के सम्बन्ध में।

माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्रांक संख्या 360 / यू0के0एस0एल0एस0ए0 / 2023–24 तथा माननीय जिला जज महोदय / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौडी के आदेश संख्या 12 दिनांकित 28.03.2024 के अनुपालन में कार्यालय लीगल एण्ड डिफेंस कॉउसिंल सिस्टम (LADCS) हेतु ऑफिस असिस्टैंट, रिसेप्सनिस्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर तथा कार्यालय चपरासी के पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया के सम्बन्ध में दिनांक 05.04.2024 समय सायं 04:00 बजे चयन समिति की बैठक आहूत की गयी। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा का प्रारूप निम्न प्रकार से तय किया गया है :–

कार्यालय सहायक / लिपिक पद हेतु

–परीक्षा प्रारूप–

प्रश्न–01. जिला सूचना विज्ञान केन्द्र पौड़ी गढवाल द्वारा संस्थित किये गये टंकण साफ्टवेयर पर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में टंकण कार्य। – 10 अंक (समय 10 मिनट)

- हिन्दी टंकण में न्यूनतम 4000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा।
- अंग्रेजी टंकण में न्यूनतम 8000 की–डिप्रेशन प्रति घण्टा।

प्रश्न–02. हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा में पत्र लेखन तथा कम्प्यूटर पर टंकण का कार्य। – 20 अंक (समय 20 मिनट पत्र लेखन एवं 10 मिनट टंकण)।

प्रश्न– 03. साक्षात्कार – 20 अंक।

रिसेप्सनिस्ट कम डाटा इन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु

–परीक्षा प्रारूप–

प्रश्न–01. हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा में पत्र लेखन तथा कम्प्यूटर पर टंकण का कार्य। – (समय 20 मिनट पत्र लेखन एवं 10 मिनट टंकण) – 50 अंक।

कार्यालय चपरासी पद हेतु

–परीक्षा प्रारूप–

प्रश्न–01. साक्षात्कार – 50 अंक।

नोट– अभ्यर्थी को परीक्षा के दौरान लेखन बोर्ड लाना आवश्यक है।

Sd/- सदस्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौडी।	Sd/- सदस्य सिविल जज (व0ख0) पौडी गढवाल।	Sd/- अध्यक्ष, चयन समिति /, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पौडी गढवाल।

प्रतिलिपि

1. माननीय जिला जज / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।
2. सदस्यगण चयन समिति।
3. सिविल जज (व0ख0) / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौडी।
4. सिस्टम ऑफिसर / सिस्टम असिस्टेंट, जनपद न्यायालय पौडी गढवाल को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 06.04.2024 तक उक्त परीक्षा प्रारूप को जनपद न्यायालय, पौडी गढवाल की आधिकारिक वैबसाईट पर सूचनार्थ अपलोड करना सुनिश्चित करें।

Sd/-
अध्यक्ष, चयन समिति /,
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
जनपद न्यायालय,
पौडी गढवाल।